# Session 2020-21

# आदर्श प्रश्न पत्र

## विषय – हिन्दी

## कक्षा – नौवीं

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 85**

**विशेष निर्देश :**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।
2. उत्तर पुस्तिका में खाली पन्ना/पन्ने मत छोड़िए।
3. प्रश्न–पत्र पर दी प्रश्न संख्या/क्रमांक को उत्तर–पुस्तिका पर उत्तर देते समय लिखें।
4. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**खण्ड–क**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए किन्हीं (12) बारह प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×12=12

हम आम लोगों को कहते हुए सुनते हैं कि कोई व्यक्ति अच्छा है या बुरा इसकी पहचान उसकी संगति से होती है। यह स्वभाविक ही है कि स्वभाव, आचार, व्यवहार की दृष्टि से जैसा व्यक्ति खुद होगा, वैसे ही लोगों से वह मिलना–जुलना पसंद करेगा। कौए कौओ से ही मिलकर बैठते है। कूंजे कूंजों से। केवल इतना ही नहीं, किसी का चरित्र बनाने या बिगाड़ने में संगति का बहुत बड़ा हाथ होता है। अगर कोई शराबियों के साथ उठता–बैठता है तो उसे शराब की बुराई चिपट जाएगी। हम प्रतिदिन कहते और सुनते हैं कि खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है। इसलिए मनुष्य अपनी संगति के प्रभाव से कैसे बच सकता है। इस प्रकार साधु–संगति या सत्संग कहलाने का मान केवल उस संगत को होता है,



Downloaded from cclchapter.com

जिसमें संत सतगुरू शामिल हो। यह महापुरुष दया दयालुता को स्रोत होते हैं और वे अपनी शिक्षा, दयालुता और दया भाव से अनेक जीवों को कृतार्थ करते है। जहां ऐसे उपकारी पुरुष वास करते हैं उस स्थान की संगति परोपकार की भावना से भर जाती है। ऐसी साधु-संगति से मन का मैल दूर हो जाता है। सारी सृष्टि के जीवों में ईश्वर का ही नूर दिखाई देता है। विश्व-बन्धुत्व की भावना बढ़ जाती है। अतः परमानन्द प्राप्त करने के लिए अच्छे पुरूषों की संगति ही एकमात्र उपाय या साधन है। अतः सत्संग को अपनाना ही सही कदम है।

(क) उपरोक्त अवतरण का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) अच्छे या बुरे की पहचान कैसे होती है?

(ग) व्यक्ति कैसे लोगों से मिलना-जुलना पसंद करता है?

(घ) चरित्र निर्माण में कैसी संगति बाधक हैं?

(ङ) सत्संगति कहलाने का मान किस संगति को प्राप्त है?

(च) महापुरुषों की संगति में क्या लाभ होता हैं?

(छ) मानव जीवन में सही कदम क्या है?

(ज) शराब पीने की गलत आदत कब चिपट जाती हैं?

(झ) मनुष्यों को कहां जाकर बैठना चाहिए?

(ञ) सृष्टि के जीवों में किसका नूर दिखाई देता है?

(ट) किसी का चरित्र बिगाड़ने में किसका हाथ होता है?

(ठ) स्वाभाविक में कौन सा प्रत्यय है?

(ड) प्रतिदिन में कौन सा समास है?

(ढ) खरबूजे को देखकर खरबूजे का रंग बदलना क्या सिद्ध करता है?

(ण) परमानन्द प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए?

(त) उपकारी पुरुष के वास से क्या लाभ होते हैं?



Downloaded from cclchapter.com

2. अद्योलिखित संदर्भ को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (कोई तीन)

हमारे देश में ही नहीं संसार के अन्य देशों में भी पर्यावरण की समस्या वेरोकटोक बढ़ रही है। यद्यपि विज्ञान की प्रगति के साथ औद्योगिकरण का विकास भी अवश्यम्भावी है, फिर भी आधुनिक सभ्यता की कृत्रिमता के प्रतीक ध्वनि विस्तार यन्त्र चमकदार बत्तियां, रसायनों से बने खाद्य और वस्त्र, औषधियां और सौन्दर्य प्रसाधन, बहुमंज़िलें वातानुकूलित भवन और परिवहन की अनिवार्यता को कुछ सीमा तक नियन्त्रित करना पड़ेगा। ये हमारे स्वाभाविक जीवन के प्रतीक नहीं बन सकते। 10

(क) उपर्युक्त अनुच्छेद का उचित शीर्षक दीजिए।

(ख) सन्दर्भ का एक तिहाई सार लिखिए।

(ग) हमारे स्वाभाविक जीवन के प्रतीक कौन नहीं बन सकते?

(घ) विलोम शब्द लिखे : कृत्तिम, नियन्त्रित।

**खण्ड-ख**

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निबन्ध लिखिए : 10

(क) कोरोना वायरस : परिचय, इसकी उत्पति कहां से हुई, कैसे करें कोरोना से बचाव, निष्कर्ष।

(ख) विजय दशमी : भूमिका, मनाने का कारण, शस्त्र-पूजन, झांकियां, रामलीलाएं, बुराई पर अच्छाई की विजय, उपसंहार।

(ग) कम्पयूटर आज की आवश्यकता : भूमिका, कम्पयूटर का आविष्कार, कम्पयूटर का प्रयोग, उपसंहार।

(घ) आतंकवाद और भारत : भूमिका, आंतकवादी की समस्या, कारण एवं नियंत्रण, जनता का सहयोग, सरकार के कदम, विषय की गंभीरता, उपसंहार।

(ङ) मेरा प्यारा हिमाचल प्रदेश : भूमिका, राज्य की स्थापना अनेक देव स्थान एवं मेले, राजधानी, उन्नति के पथ पर, फलों के बाग-वन, उपसंहार।



Downloaded from cclchapter.com

4. अपने प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक जी को छात्रवृति प्रदान करने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखिए। 6

अथवा

अपने मित्र को छुट्टियों में किसी पर्यटन स्थल का भ्रमण करने के लिए पत्र लिखिए।

अथवा

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को शिक्षा शुल्क में छूट देने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

**खण्ड–ग**

5. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया भेद लिखिए : (कोई चार) 4

(क) नंदबाबा गाय चरवा रहे हैं।

(ख) मीरां ने मुझे चाय पिलाई।

(ग) मामा ने मुझे साड़ी दी।

(घ) शिवाली नाच रही है।

(ङ) अध्यापक निबंध लिखवा रहा है।

6. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए : (कोई चार) 4

(क) मुझसे पत्र नहीं लिखा गया। (कर्तृवाक्य में)

(ख) मोहन पतंग उड़ा रहा है। (कर्मवाच्य में)

(ग) गर्मियों में लोग खूब नहाते हैं। (भाववाच्य में)

(घ) मुझसे अखबार नहीं पढ़ा जाता है। (कर्तवाच्य में)

(ङ) मैं कविता पढ़ सकता हूँ। (कर्मवाच्य में)

7. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के अनेकार्थी शब्द लिखिए :

घट, कर, काल, कनक, अर्थ।



Downloaded from cclchapter.com

## खण्ड-घ

8. अपनी पाठ्य पुस्तक क्षितिज भाग-1 पर आधारित निम्न गद्यांश में से पूछे गए किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (2+2+2=6)

सन् 1857 ई. के विद्रोही नेता धुंधूपंत नाना साहब कानपुर में असफल होने पर जब भागने लगे, तो वे जल्दी में अपनी पुत्री मैना को साथ न ले जा सके। देवी मैना बिठूर में पिता के महल में रहती थी, पर विद्रोह दमन करने के बाद अंग्रेजों ने बड़ी ही क्रूरता से उस निरीह निरपराध देवी को अग्नि में भस्म कर दिया। उसका रोमांचकारी वर्णन पाषाण हृदय को भी एक बार द्रवीभूत कर देता है।

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखो।

(ख) अंग्रेजों ने किसे और क्यों क्रूरता से जला दिया?

(ग) क्या मैना ने कोई अपराध किया था? वह कैसी थी?

(घ) सन् 1857 के विद्रोह के क्रान्तिकारियों के नाम लिखों।

(ङ) धुंधूपंत नाना साहब अपनी पुत्री को साथ क्यों न ले जा सकें।

अथवा

यह व्यापारिक ही नहीं सैनिक रास्ता भी था, इसीलिए जगह-जगह फौजी चौंकियाँ और किले बने हुए हैं, जिनमें कभी चीनी पलटन रहा करती थी। आजकल बहुत से फ़ौजी मकान गिर चुके हैं। दुर्ग के किसी भाग में, जहाँ किसानों ने अपना बसेरा बना लिया है, वहां घर कुछ आबाद दिखाई पड़ते हैं ऐसी ही परित्यक्त एक चीनी किला था। हम वहां चाय पीने के लिए ठहरे। तिब्बत में यात्रियों के लिए बहुत सी तकलीफ़े भी हैं और कुछ आराम की बातें भी। वहां जाति-पाति, छुआछूत का सवाल ही नहीं है और न औरतें परदा ही करती हैं। बहुत निम्नश्रेणी के भिखमंगो को लोग चोरी के डर से घर के भीतर नहीं आने देते, नहीं तो आप बिल्कुल घर के भीतर चले जा सकते हैं।

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।



Downloaded from cclchapter.com

(ख) लेखक किस रास्ते की बात कर रहा है? इसकी प्रमुख विशेषता क्या है?

(ग) इस मार्ग पर बने हुए किले किस काम आते हैं? इनकी क्या दशा है?

(घ) यहां की सामाजिक स्थिति कैसी है?

(ङ) किन लोगों को और क्यों यहां के निवासी घर के भीतर नहीं आने देते?

9. हीरा और मोती ने शोषण के खिलाफ आवाज़ उठाई लेकिन उसके लिए प्रताड़ना भी सही। हीरा-मोती की इस प्रतिक्रिया पर तर्क सहित अपने विचार प्रकट करें।

अथवा

आपकी दृष्टि में वेश-भूषा के प्रति लोगों की सोच में आज क्या परिवर्तन आया है।

अथवा

लेखिका ने छात्रावास के जिस बहुभाषी परिवेश की चर्चा की है उसे अपनी मातृभाषा में लिखिए।

10. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित अर्थग्रहण संबंधी किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दो : 2+2+2=6

मोकों कहां ढूंढ़े बंदे, मैं तो तेरे पास में।
ना मैं देवल ना मै मसजिद, ना काबे कैलास मे।
ना तो कौने क्रिया-कर्म में, नहीं योग बैराग में।
खोजी होय तो तुरतै मिलिहौं, पल भर की तालस मे।
कहै कबीर सुनो भई साधो, सब स्वाँसों की स्वाँस में।

(क) कवि ने किस शैली में किसे संबोधित किया है?

(ख) निर्गुण ब्रह्म कहाँ-कहाँ पर नहीं मिलता?

(ग) ब्रह्म की प्राप्ति कहाँ हो सकती है?



Downloaded from cclchapter.com

(घ) पद में निहित काव्य सौंदर्य प्रतिपादित कीजिए।

(ङ) कवि और कविता का नाम लिखिए।

अथवा

क्या गाती हो?
क्यों रह-रह जाती हो?
कोकिल बोलो तो।
क्या लाती हो?
संदेशा किसका है?
कोकिल बोलो तो।
ऊँची काली दीवारें के घेरे में
डाकू, चोरों बटमारो के डेरे में,
जीने को देते नहीं पेट-भर खाना,
मरने भी देते नहीं, तड़प रह जाना।
जीवन पर अब दिन-रात कड़ा पहरा है,
शासन है या तम का प्रभाव गहरा है?
हिमकर निराश कर चला रात भी काली,
इस समय कालिमामयी जगी क्यूँ आली?

(क) कवि ने रात के अंधेरे में किसे संबोधित किया और क्यों?

(ख) कवि को कारागार मे किसके साथ बंद किया गया है?

(ग) कवि ने शासन की तुलना किससे की है?

(घ) अवतरण ने निहित काव्य-सौंदर्य प्रतिपादित कीजिए।

(ङ) कवि और कविता का नाम लिखो।

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

2+2+2=6

(क) कवि ने सच्चे प्रेमी की क्या कसौटी बताई है?



Downloaded from cclchapter.com

(ख) कवि का ब्रज के वन, बाग और तालाब को निहारने के पीछे क्या कारण हैं?

(ग) कवि ने गाँव को 'हरता जन मन' क्यों कहा है?

(घ) लता ने बादल रूपी मेहमान को किस तरह देखा और क्यों?

(ङ) ज्ञान की आँधी का भक्त के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

12. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2+2+2=6

(क) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे?

(ख) लेखिका की नानी की आज़ादी के आंदोलन में किस तरह की भागीदारी रही?

(ग) समाज में महिलाओं को उचित गरिमा दिलाने हेतु आप कौन-कौन से प्रयास कर सकते हैं?

(घ) खरीद-बिक्री बंद हो चुकने पर भी पान की बिक्री अचानक क्यों बढ़ गई?

(ङ) 'मृत्यु का तरलदूत' किसे कहा गया है और क्यों?

13. आपने भी सुना होगा कि मीडिया द्वारा प्रस्तुत की गई घटनाएँ समस्याएं बन जाती हैं, ऐसी किसी घटना का उल्लेख कीजिए।

अथवा

'शिक्षा बच्चों का जन्म सिद्ध अधिकार है' – इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की – समाज को कैसे व्यक्ति की ज़रूरत है, तर्क सहित उत्तर दीजिए। 6



Downloaded from cclchapter.com